हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

अष्टम् सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 70

सोमवार, 23 मार्च, 2015/2 चैत्र, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 2.00 बजे (अपराह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

02-01-10 PM

शोकोद्‌गारः

श्री सागर चन्द नैयर, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निधन पर निम्नलिखित ने शोकोद्‌गार प्रकट किए तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कीः-

1. श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री
2. प्रो० प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
3. श्रीमती आशा कुमारी,
4. श्री कौल सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री
5. श्री बी0के0चौहान
6. श्रीमती विद्या स्टोक्स, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री
7. श्री सुधीर शर्मा, शहरी विकास मंत्री
8. श्री जी0एस0बाली, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री

९. श्री बृज बिहारी लाल बुटेल, माननीय अध्यक्ष

(दिवंगत आत्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने हेतु सदन में कुछ क्षण खड़े हो कर मौन रखा गया)

02-30-00 PM

प्रश्नोत्तरः

(I) तारांकित प्रश्नः

स्थगित तारांकित प्रश्न संख्या 1355 एवं तारांकित प्रश्न संख्या 1665 तथा 1666 के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 1667 से 1702 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(II) अतारांकित प्रश्नः

अतारांकित प्रश्न संख्या 797 से 809 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

02-59-05AM

2. साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्यः

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री ने वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची से सदन को अवगत करवाया।

03-00-19 PM

3. कागजात सभा पटल परः

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री ने निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखीः-

(i) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिनियम, 1968 की धारा 15 की उपधारा (1) और (4) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला का लेखा विवरण वर्ष 2013-14; और

(ii) हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग अधिनियम, 2010 की धारा 13(1) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 ।

03-00-37 PM

4. <u>**सदन की समिति के प्रतिवेदनः**</u>

श्री राकेश कालिया, सभापति, जन-प्रशासन समिति (**वर्ष 2014-15**) **ने** समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **13वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 36वें मूल प्रतिवेदन (ग्यारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2011-12) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सहकारिता विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **14वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 36वें मूल प्रतिवेदन (ग्यारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2010-11) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग** से सम्बन्धित है ।

03-01-50 PM

5. <u>**वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए बजट अनुमान-सामान्य चर्चाः**</u>

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. प्रो० प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
2. श्रीमती आशा कुमारी
3. डॉ0 राजीव बिन्दल
4. श्री संजय रतन
5. श्री गोविन्द राम शर्मा
6. श्री मनसा राम, मुख्य संसदीय सचिव
7. श्री बलदेव सिंह तोमर

06-23-10 PM

प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्षपीठ से आग्रह किया कि आज एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इस दिन सर्वश्री भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव भारत देश को आजाद कराने के लिए शहीद हुए थे, अतः उनको नमन करने हेतु इस सदन में प्रस्ताव लाया जाए, जिसकी अध्यक्ष महोदय ने अनुमति दे दी।

प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि "हिमाचल प्रदेश विधान सभा देश के महान शहीदेआज़म सर्वश्री भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके सम्मान में उन्हें नमन करती है।"

श्री सुधीर शर्मा, शहरी विकास मंत्री ने पक्ष की ओर से तथा डॉ0 राजीव बिन्दल, सदस्य ने विपक्ष की ओर से इस प्रस्ताव का अनुसर्मथन किया।

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ कि "हिमाचल प्रदेश विधान सभा देश के महान शहीदेआज़म सर्वश्री भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके सम्मान में उन्हें नमन करती है।"

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार हुआ।

सदन की बैठक अपराह्न 06-27-20 बजे मंगलवार, दिनांक 24 मार्च, 2015 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई ।